
# बेस्ट स्टार्ट किंडरगार्टन असेसमेंट (किंडरगार्टन की सबसे अच्छी शुरुआत के लिए मूल्यांकन)

## माता-पिता और देखभाल करने वालों के लिए एक गाइड (संदर्शिका)

**बेस्ट स्टार्ट किंडरगार्टन असेसमेंट एक राज्य-व्यापी मूल्यांकन है जो किंडरगार्टन की शुरुआत में शिक्षकों को प्रत्येक छात्र/छात्रा की अंग्रेजी की साक्षरता और संख्यात्मक कौशल की पहचान करने में मदद करता है।**




बच्चे प्रारंभिक साक्षरता और संख्यात्मक कौशल, ज्ञान और समझ की एक श्रृंखला के साथ स्कूल शुरूआत करते हैं जो उनमें दुनिया और उनके आसपास के लोगों से जुड़ने से विकसित होती है। बेस्ट स्टार्ट किंडरगार्टन असेसमेंट में साक्षरता और संख्यात्मकता के अंश शामिल होते हैं और यह शिक्षकों को एक छात्र/छात्रा की व्यक्तिगत गुणों और जरूरतों के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

मूल्यांकन शिक्षकों को, शिक्षण और सीखने के कार्यक्रम विकसित करने में सहायता करता है जो छात्रों/छात्राओं के ज्ञान पर आधारित होते हैं। शिक्षक प्रत्येक छात्र/छात्रा के साथ व्यक्तिगत रूप से बैठते हैं, इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि वे क्या कर सकते हैं। आपके बच्चे/बच्ची को मूल्यांकन के लिए तैयारी करने या अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि बच्चे अलग-अलग गति से सीखते हैं, इसलिए यदि आपका बच्चा/बच्ची सभी प्रश्नों का उत्तर नहीं दे सकता/ती है तो चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है।

मूल्यांकन के तुरंत बाद, शिक्षक आपको मूल्यांकन के दौरान आपके बच्चे/बच्ची द्वारा प्रदर्शित कौशल, ज्ञान और समझ के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे।

बेस्ट स्टार्ट किंडरगार्टन असेसमेंट में सभी छात्र/छात्राएँ शामिल किए जाते हैं। यदि अंग्रेजी आपकी घरेलू भाषा नहीं है या आपके बच्चे/बच्ची को तालमेल की आवश्यकता है, तो इस बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने स्कूल से संपर्क करें कि आपके बच्चे/बच्ची की सहायता कैसे की जा सकती है।

### साक्षरता मूल्यांकन

साक्षरता कार्यों को यह पहचानने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि क्या छात्र/छात्राएँ अपना नाम लिख सकते हैं, ध्वनियों, अक्षरों और परिचित शब्दों को पहचान सकते हैं, और उनको पढ़कर सुनाई गई एक छोटी पुस्तक के बारे में विवरण को याद रख सकते हैं।

साक्षरता मूल्यांकन के दौरान शिक्षक आपके बच्चे/बच्ची से प्रश्न पूछेगा जैसे:

- 'इन शब्दों को सुनें: map, tap। क्या तुम एक और शब्द के बारे में सोच सकते हो जो इस शब्द के साथ तुकबंदी करता हो?'
- (एक छोटी किताब पढ़ने के बाद) 'क्या तुम मुझे उस कहानी के बारे में बता सकते/ती हो जो मैंने अभी-अभी तुम्हें पढ़कर सुनाई है?'

ये प्रश्न शिक्षकों को यह निर्धारित करने में मदद करते हैं कि क्या आपका बच्चा/बच्ची उन शब्दों को पहचान सकता/ती है जो समान ध्वनि करते हैं और उन्हें पढ़कर सुनाई गई एक छोटी पुस्तक से जानकारी को याद रख सकते हैं। ये महत्वपूर्ण साक्षरता कौशल हैं जो बच्चे स्कूल में अपने पहले वर्ष में विकसित करेंगे।

### संख्यात्मक मूल्यांकन

संख्यात्मक कार्य प्रारंभिक संख्या सिद्धांतों से संबंधित हैं और यह पहचानने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं कि एक छात्र/छात्रा कितनी अच्छी तरह गिन सकता/ती है, वे कौन सी संख्याएँ पहचान सकते हैं, क्या वे वस्तुओं को गिन सकते हैं, छोटी संख्याओं को जोड़ या घटा सकते हैं; और दोहराए जाने वाले नमूने को पहचानते हैं ।

संख्यात्मक मूल्यांकन के दौरान शिक्षक आपके बच्चे/बच्ची से प्रश्न पूछेगा जैसे:

- 'एक से गिनती शुरू करो और मैं तुमको बताऊंगा/गी कि कब रुकना है'
- 'क्या तुम मुझे बता सकते/ती हो कि यह कौन सी संख्या है?' (5)

ये प्रश्न शिक्षकों को यह निर्धारित करने में मदद करेंगे कि क्या आपका बच्चा/बच्ची संख्याओं को पहचान सकता/ती है और एक से आगे गिनती कर सकता/ती है। ये महत्वपूर्ण संख्यात्मक कौशल हैं जो बच्चे स्कूल में अपने पहले वर्ष में विकसित करेंगे।

**बेस्ट स्टार्ट किंडरगार्टन असेसमेंट के बारे में अधिक जानकारी के लिए, अपने बच्चे/बच्ची के स्कूल से संपर्क करें।**

**यदि आपको दुभाषिया की आवश्यकता है, तो 131 450 पर टेलीफोन दुभाषिए सेवा से संपर्क करें। वे स्कूल के साथ बातचीत में सहायता के लिए आपकी भाषा में एक दुभाषिया की व्यवस्था कर सकते हैं। आपसे इस सेवा के लिए शुल्क नहीं लिया जाएगा।**